समाचार

# मैंगजीनभांटा से खरमोरा हाउसिंग बोर्ड तक बनेगी नई सड़क

(दादर नाला होगा पक्का, बस्ती में बनेगी नाली, महापौर ने जनसंपर्क भ्रमण के दौरान दिया अधिकारियों को निर्देश)



कोरबा 07 जून 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दादर बस्ती क्षेत्र में जनसंपर्क भ्रमण किया, बस्ती के निवासियों से भेंट की, इस दौरान उन्होने मैंगजीनभांटा से खरमोरा स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी तक पक्की सड़क का निर्माण एवं दादर बस्ती में नाली निर्माण कराए जाने के साथ ही दादर स्थित बड़े नाले को पक्के आर.सी.सी. नाले के रूप में निर्मित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दादर बस्ती क्षेत्र में दौरा कर बस्तीवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने मैंगजीनभांटा दादर में नवनिर्मित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण भी किया तथा सेंटर को तुंरत प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मैंगजीनभांटा से हाउसिंग बोर्ड कालोनी तक सड़क निर्माण किए जाने की आमनागरिकों की मांग को सज्ञान में लेते हुए उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त सड़क के निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं। दादर स्थित बड़ा नाला जो वर्तमान में कच्चे नाले के स्वरूप में है, उसे पक्के आर.सी.सी. नाले के रूप में निर्मित किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने दादर बस्ती में भ्रमण के दौरान वहां के निवासियों की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए पक्की आर.सी.सी. नाली का निर्माण कराए जाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का किया निरीक्षण– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादर बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपने भ्रमण के दौरान उक्त निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भी सघन रूप से निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित

करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में आवश्यक गति लाएं तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें।

<u>सफाई कार्यो का लिया जायजा</u>– भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दादर क्षेत्र में निगम द्वारा किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा बेहतर सफाई कार्यो के संपादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम द्वारा दादर बस्ती क्षेत्र में भी डोर–टू–डोर कचरे का संग्रहण कार्य किया जा रहा है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने सफाईमित्रों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे बस्ती के प्रत्येक घर से कचरे का संग्रहण करें तथा गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित कर एस.एल.आर.एम.सेंटर तक लाएं। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई कार्यो पर विशेष नजर रखें एवं यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित मानक के अनुरूप सफाई कार्य संपादित हो रहे हैं।

जनसंपर्क भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, सहायक अभियंता तपन तिवारी, उप अभियंता गोयल सिंह विमल एवं अंजूलता तिग्गा, चन्द्रकांत यादव, अरूण यादव, सहसराम राठिया, दाऊलाल साहू, करमसिंह यादव, देव जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।